भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक 16.12.2024

# आरेडिका महाप्रबंधक ने किया हेरीटेज पार्क का उद्घाटन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में दिनांक 16.12.2024 को महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा द्वारा उच्चाधिकारियों की उपस्थिति में हेरीटेज पार्क का उद्घाटन किया गया।

महाप्रबंधक महोदय ने बताया कि आरेडिका प्रशासन के द्वारा इस हेरीटेज पार्क में रेलवे के कोचों एवं इंजनों के विभिन्न तकनीकीय मॉडलों को संरक्षित करने का कार्य किया जा रहा है जिससे रेलवे की अनमोल विरासतों को संरक्षित किया जा सके साथ ही साथ लोगों को रेलवे की भूली–बिछड़ी यादों से लोगों को जोड़ा जा सके। हेरीटेज पार्क के माध्यम से लोगों को अमूल्य विरासतों के महत्व के प्रति जागरूक करेगा है। इसी के साथ पार्क में लोगों के बैठने तथा घूमने फिरने के लिए हरित घास के मैदान, परिभ्रमण पथ, बच्चों के मनोरंजन के लिए छोटे–2 पुल एवं तालाबों का निर्माण किया गया। आरेडिका के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के परिवार इस सुन्दर प्राकृति छटा का लुत्फ उठाएंगे। हेरीटेज पार्क के निर्माण होने से आने वाले आगुन्तको को आरेडिका की सकारात्मक छवि की अनुभूति होगी।

इस अवसर पर आरेडिका के प्रधान मुख्य अभियंता एस पी यादव, प्रधान वित्त सलाहकार श्री बीएल मीना, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता हरीश चन्द्र, और प्रधान मुख्य सुरक्षा अधिकारी रमेश चन्द्र, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा भारती मिश्रा एवं संगठन की सभी सदस्याएं सहित उच्च अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

16/12/2024

(अनिल कुमार श्रीवास्तव )
जन संपर्क अधिकारी